website : www.grpgcrampur.com
E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2022–23 | अंक : 7 | 01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2023

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ०प्र०

स्थापना वर्ष : 1949
(सम्बद्धः महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...



प्रिय छात्र/छात्राओं,

आज हमारा देश विश्व की तीसरी महाशक्ति के रूप में धीरे–धीरे लेकिन दृढ़तापूर्वक पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। निश्चित रूप से इस प्रक्रिया में युवा शक्ति की सशक्त भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता। युवा वर्ग अपने अदम्य साहस संकल्प शक्ति के बूते अपने देश को विश्व परिदृश्य पर एक नई शक्ति के रूप में पहचान दिला सकता है, ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है। जरूरत है तो बस जोश की, साहस की, उत्साह और धैर्य की। यह कहना बिल्कुल गलत है कि आज हमारे युवाओं में इन गुणों का अभाव है बल्कि उनके जीवन का मकसद ही यह होना चाहिए–

हर रह गुजर पे शमां, जलाना है मेरा काम ।
तेवर हैं क्या हवा के, ये मैं देखता नहीं।।

मेरे प्यारे छात्र–छात्राओं आप ऐसी ही युवा पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। आप अपनी क्षमता, योग्यता, प्रतिभा को पहचानें, अपने स्वप्नों, संकल्पों को साकार करने का यथा सम्भव प्रयास करें तथा कुछ ऐसा अर्जित करने का प्रयास करते रहें, जिससे आपके परिवार का, समाज का, देश का नाम रोशन हो सके। आप अपने मकसद में कामयाब हों, आपका मुस्तकबिल बेहतर हो, यही मेरी आप सब के लिए दुआएँ हैं। निराशा, कुंठा, हताशा को अपने पास न भटकने दें। आशावादी दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास करें–

हो के मायूस न आंगन से उखाड़ो पौधे!
धूप बरसी है तो पानी भी यहीं बरसेगा।।

महाविद्यालय के सभी प्रिय प्राध्यापकों तथा कर्मचारी वर्ग के प्रति मैं धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, जिनके सहयोग से यह न्यूज बुलेटिन साकार रूप ले सका। इस सराहानीय प्रयास के लिये मैं न्यूज बुलेटिन के प्रधान सम्पादक डॉ० अब्दुल लतीफ एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें ज्ञापित करती हूँ।

हार्दिक शुभेच्छा के साथ...।

**प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल**
**प्राचार्य**

### स्वतन्त्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2023)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में भारतीय स्वाधीनता के 77 वें पावन पर्व पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संदेश का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने कहा कि 15 अगस्त का दिन उन शहीदों को याद करने का दिन है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता की खातिर अपनी जिन्दगी कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव हमें भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी की याद दिलाता है जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये अपने जीवन का बलिदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन समारोहक प्रो० (डॉ०) सै० मो० अरशद रिज़वी ने किया।









### पर्यावरण क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम (22 जुलाई 2023)






महाविद्यालय के पर्यावरण क्लब द्वारा उ०प्र० शासन के निर्देशानुसार दिनांक 22 जुलाई 2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के 200 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुये महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो०(डॉ०) दीपा अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को किसी भी महत्वपूर्ण तिथियों के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही पौधों की देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है जिससे हमारी आने वाले पीढ़ी को स्वस्थ पर्यावरण एवं जलवायु प्राप्त हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अन्त में पर्यावरण प्रभारी डॉ० हितेन्द्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सम्पादक के विचार...



आज के इस परितर्वनशील समय में युवा पीढ़ी से अनेक आशाएँ, अपेक्षाएँ हैं। एक सुनहरा भविष्य आपकी बाट जो रहा है, भविष्य से डरिए मत, उसके निर्माण में प्राणप्रण से रूचि लीजिए। अन्धेरे से डरकर कोई दीया नहीं बुझता, तूफान से लड़कर, तूफान से संघर्ष करके ही बुझता है। अपने संजोये सपनों को साकार कीजिये, कल्पना को कर्म से गढ़कर आकार प्रदान कीजिये। जीवन को सुन्दर और उपयोगी रूप देने के लिये अन्तर्मुखी और वर्हिमुखी शक्तियों का विकास कीजिये। यह जान लीजिये वही वृक्ष पृथ्वी तल पर रहकर अकेला खड़ा रह सकता है जो झंझा के प्रहारों को मलय समीर के झोंकों के सामान सह कर भी हरा–भरा रह सकेगा। इसलिये –

"समय के सैलाबों को मत रोको।
खुशहाल हवाओं में न खिड़कियाँ बन्द करो।
हर किरण जिन्दगी के आँगन तक आने दो,
नव निर्माणों की लपटों को मत मन्द करो"

मैं अपने सम्पादक मण्डल के सभी सहयोगी प्रध्यापकों, महाविद्यालय की साहित्य सृजन प्रतिभाओं को उनके सक्रिय सहयोग के लिये हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

मंगलकामनाओं सहित!

**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
**मो०: 9219258910**
**ई–मेल :** dr.abdullatif74@gmail.com

## पुरातन छात्र परिषद की बैठक (9 दिसम्बर 2023)





दिनांक 9 दिसम्बर 2023 को पुरातन छात्र परिषद की बैठक आयोजित की गई। पुरातन छात्र परिषद की बैठक में पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ० एजाज अली ने कहा कि अपने जीवन में हमें तीन लोगों का सम्मान अवश्य करना चाहिए– माता, पिता एवं गुरु। उन्होंने कहा जीवन में समय प्रबन्धन बहुत आवश्यक है। महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय भोजपुर के प्राचार्य डॉ० मो० असलम ने कहा कि हम सबको मिलकर महाविद्यालय को विकास के रास्ते पर ले जाना है। महाविद्यालय में अधूरे कार्यो को पूरा किया जाना अभी शेष है। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुरातन छात्र परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का आयोजन (दिनांक 14 से 21 सितम्बर 2023)



14 सितंबर 2023 को हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा हिंदी परिषद के तत्वावधान में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत **"राजभाषा हिन्दी के अनुप्रयोग'** विषय पर एक संगोष्ठी तथा भाषण प्रतियोगिता' हुई जिसमें कामरान अहमद, शुऐब अली, प्रेम शंकर, शाकरीन, कहकशाँ, अनामिका, मनीषा, सानिया बी आदि छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन डॉ० अब्दुल लतीफ एवं डॉ० प्रशान्त द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉ० कुसुम लता ने कहा कि हिन्दी केवल मातृभाषा नहीं, बल्कि सम्पर्क भाषा और राजभाषा भी है, इसलिए इसका प्रयोग करते हुए हमें इसके मानक रूप का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ० राजेश कुमार ने किया एवं विभाग प्रभारी डॉ०

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस ( 10 अक्टूबर 2023)




महाविद्यालय में 10 अक्टूबर 2023 को ''विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसका विषय था **''मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानवाधिकार''**। महाविद्यालय प्राचार्य के सरंक्षण में आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए डॉ० आयुष कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य के सभी आयामों को उदधृत करते हुए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में डॉ० आकांक्षा ने बताया कि एक व्यवस्थित जीवनशैली अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि की जा सकती है एवं मानसिक बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उनसे संबंधित सामाजिक पूर्वग्रहों को समाप्त किया जा सकता है। डॉ० मीनाक्षी गुप्ता ने आम जनमानस में बढ़ रहे तनाव और अपेक्षाओं से कैसे निपटा जाए, विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विभाग प्रभारी डॉ० अजीता रानी ने मनोवैज्ञानिक समस्याओं के निदान में परिवार के महत्व को समझाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## अन्तर्महाविद्यालयी शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन (13 दिसम्बर 2023)





सौष्ठव प्रतियोगिता में आदिल को गोल्ड मेडल

एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली की अन्तर महाविद्यालयी शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता विवेक कॉलेज, बिजनौर में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एम.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र आदिल ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ० नितिन चौधरी ने बताया कि छात्र आदिल का चयन ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी के लिये हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल सहित सभी प्राध्यापक ने छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (दिनांक 02 अक्टूबर 2023)







राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पूरे हर्ष उल्लास से मनाई गयी। महाविद्यालय में प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ0) दीपा अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य द्वारा सत्य, अहिंसा और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य और प्राध्यापकों द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 डॉ0 दीपा अग्रवाल ने कहा कि भारत में हर साल 2 अक्टूबर का दिन गांधी जयन्ती के रूप में मनाया जाता है। सत्य और अंहिसा के मार्ग पर चलकर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम रोल निभाने वाले महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबन्दर में हुआ था। सत्य और अंहिसा को लेकर बापू के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्ही के विचारों के सम्मान में 2 अक्टूबर को हर साल अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है। वक्ताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी, रोवर्स–रेंजर्स छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण एवं श्रमदान भी किया गया। इस शुभअवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ० अरुण कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो० (डॉ०) सीमा तेवातिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राम धुन के साथ हुआ।

## मिशन शक्ति के अन्तर्गत बाइक एवं स्कूटी रैली में प्रतिभाग (दिनांक 14 अक्टूबर 2023)




मिशन शक्ति फेस (चतुर्थ चरण) के अन्तर्गत रामपुर जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को बाइक और स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की महिला प्राध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हे सुरक्षा, स्वावलम्बन और सम्मानपूर्वक माहौल उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन की ओर से भव्य बाइक और स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक प्रो० (डॉ०) मीनाक्षी गुप्ता, डॉ० जेबी नाज़, डॉ० साक्षी त्यागी, डॉ० दीपमाला एवं डॉ० रेखा कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।



## छात्र–पुलिस अनुभवात्मक अभिगम कार्यक्रम

दिनांक 14 नवम्बर 2023 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको एवं स्वयं सेविकाओं ने छात्र–पुलिस अनुभवात्मक अभिगम कार्यक्रम के अन्तर्गत थाना गंज पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।




## आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक (दिनांक 31 जुलाई 2023)

दिनांक 31 जुलाई 2023 आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल द्वारा की गई। बैठक में आई.क्यू.ए.सी. समिति के सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श कर महाविद्यालय के लिये भविष्य का एजेंडा तैयार किया गया साथ ही पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों पर विचार हुआ। महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों, शिक्षण कार्यों, महाविद्यालय के विकास हेतु योजनाएँ, विभिन्न नवीन विषयों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत तथा महाविद्यालय में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर विचार किया गया। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहें। बैठक के अन्त में आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक प्रो० (डॉ०) सीमा तेवातिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## मिशन शक्ति अभियान (चतुर्थ चरण) दिनांक 14–24 अक्टूबर 2023

### 'संगोष्ठी– महिला सुरक्षा एवं स्वास्थ्य' (19 अक्टूबर 2023)

शासन के पत्रांक संख्याः 1407/ छः–पृ०–15/2023 दिनांकः 11.10.2023 के अनुपालन में शारदीय नवरात्र के अवसर पर 'मिशन शक्ति विशेष अभियान – फेज –4' को पूर्ण उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में दिनांकः 19 अक्टूबर 2023 को **'महिला सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विषय पर एक संगोष्ठी'** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल के आशीर्वचन के साथ हुआ। प्राचार्य महोदया ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए शासन के उक्त प्रयास को सफल बनाने हेतु व्यापक परिवर्तन करने को तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया।








इस अवसर पर महिला कल्याण अधिकारी 'श्रीमती शाइस्ता' ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के विषय में समस्त उपस्थित जनों को अवगत कराया। तत्पश्चात् 'श्रीमती चारू चौधरी' ने घरेलू हिंसा के विभिन्न पहलुओं को उजागर करते हुए महिलाओं को किसी भी उत्पीड़न के विरुद्ध बिना डरे आवाज उठाने को प्रेरित किया। इसी क्रम में प्रभारी, वन स्टॉप सेंटर– 'श्रीमती चाँद बी' ने समस्त उपस्थित जनों को वैवाहिक जीवन में मध्यस्थ की भूमिका की महत्ता को बताते हुए उन्हें सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जीने के लिए जरूरी बिंदुओं पर रोशनी डाली। कार्यक्रम संयोजक डॉ० रेशमा नवाज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन 'डॉ० मीनाक्षी गुप्ता' ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। उक्त संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## मिशन शक्ति विशेष अभियान (चतुर्थ चरण) दिनांक 14–24 अक्टूबर 2023






### संगोष्ठी – 'चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो'(20अक्टूबर 2023)

शासन के पत्रांक संख्याः1407/छः–पृ.15/2023 दिनांक 11अक्टूबर 2023 के अनुपालन में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–4 को पूर्ण उत्साह के साथ आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को प्राचार्य डॉ० दीपा अग्रवाल के सरंक्षण में **''चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो''** विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की वक्ता डॉ० माया भारती ने छात्राओं को घर, विद्यालय परिसर, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के प्रति होने वाले भेदभाव, अपराध और उनके विभिन्न स्वरूपों के बारे में सचेत किया तथा छात्राओं को इस तरह की परिस्थिति उत्पन्न होने पर उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ० आकांक्षा देवी ने छात्राओं को छेड़छाड़, छींटाकशी/टीका–टिप्पणी, लैंगिक भेदभाव, घरेलू हिंसा, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याओं को पहचानने और उनके बारे में अपने परिवार, मित्र, शिक्षकों से खुलकर बात करने और जरूरत पड़ने पर प्रशासन की मदद लेने तथा इन समस्याओं से उत्पन्न हो रहे मानसिक तनावों को समझने और उनके प्रबंधन के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस सेमिनार में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित छात्र–छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ० आयुष कुमार ने किया।

## कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन (16 दिसम्बर 2023)





दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के लिये कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॅरियर काउंसलिंग में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुये अमृत विचार के वरिष्ठ पत्रकार सुहैल जैदी ने कहा कि रेडियो, टी. वी. और अखबार में भविष्य बनाने के लिये अपार सम्भावनाएं है उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राऐं अपने लक्ष्य की ओर बढ़े, असफलताओं से न डरें। उन्होंने छात्र/छात्राओं के बीच अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर अपने भविष्य के सपनों को सजायें। सपने साकार करने के लिये कठिन परिश्रम करें। कार्यक्रम की संयोजक डॉ० बेबी तबस्सुम ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

**विद्यार्थी परिश्रम कर सपनों को करें साकार**

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की कॅरियर काउंसलिंग हुई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर अपने भविष्य के सपने संजोएं। सपने साकार करने के लिए कठिन परिश्रम करें।

महाविद्यालय सभागार में शनिवार को हुई कॅरियर काउंसलिंग में छात्रों ने अनुभव साझा किए। मीडिया में कॅरियर बनाने की सलाह दी। कहा कि रेडियो, टीवी और अखबार में भविष्य बनाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें, असफलताओं से नहीं घबराएं। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. बेबी तबस्सुम ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे बेबाकी से अपनी बात रखने का हौसला पैदा करें। संचालन कर रहे डॉ. सैयद मोहम्मद अरशद रिजवी ने छात्र-छात्राओं को टीवी पर खबरें पढ़ने के बारे मे जानकारी दी। इस दौरान डॉ. जागृति ढींगरा मदान, डॉ. सीमा तेवतिया, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अब्दुल लतीफ, डॉ. कैश आदि रहे।




## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती (31 अक्टूबर 2023)

दिनांक 31 अक्टूबर 2023 महाविद्यालय द्वारा सरदार वल्लभ भाई जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्राध्यापकों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० प्रदीप कुमार ने राष्ट्रीय एकता में सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका एवं उनसे जुड़े ऐतिहासिक घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्याल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो० (डॉ०) सै० अरशद रिज़वी ने किया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता माह






दिनाँक 4 नवम्बर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा रोड सैफ्टी क्लब के अन्तर्गत रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय के मुख्य द्वार से डूंगरपुर चौराहे तक निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल द्वारा झण्डी दिखाकर किया गया। यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कहा कि जब आप बाइक, स्कूटी आदि लेकर रोड की तरफ निकलें तब आप हेलमेट, जूते, हाथों में दस्ताने पहने ताकि गिरने पर चोट ना लगे। ड्राइविंग लाइसेंस , प्रदूषण सर्टिफिकेट, बीमा आदि गाड़ी के कागज सभी की पूर्ण रूप से अपने पास रखे ताकि गाड़ी का चालान कटने से बच सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजकुमार, डा०नरेश कुमार ,डा० ईरम नईम , डा० गजेन्द्र सिंह व स्वयं सेवकों में मौ० शहाब, रिसालत, सूर्य कुमार, अक्षत शर्मा , सुरेन्द्र राना आनन्द बाबू,कमल सिंह आदि ने 'दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है' जैसे नारे लगाकर राहगीरों को जागरूक किया।

## सैजल कश्यप एवं इल्मा बनी एक दिन की पुलिस अधीक्षक (7 दिसम्बर 2023)


रज़ा पी जी कालेज की शैजल कश्यप एस पी व इलमा मोबीन ए एस पी बनकर सुनी जनता की फरियाद

7 दिसम्बर 2023 को मिशन शक्ति के तहत रामपुर में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा सैजल कश्यप को अपनी कुर्सी कुछ देर के लिये सौंप दी जबकि इस कॉलेज की इल्मा ने ए.एस.पी. की कुर्सी सम्भाल कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण कराने को कहा। मिशन शक्ति के तहत रामपुर पुलिस ने छात्र–छात्राओं को पुलिस की बारीकियों को समझने का मौका दिया।


सैजल ने संभाली कप्तान की कुर्सी, सुनीं समस्याएं

## यातायात जागरूकता रैली (01 नवम्बर 2023)






महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर पार्क से लेकर गांधी समाधि तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया। यह रैली डॉ० गजेंद्र सिंह व डॉ० नरेश कुमार के निर्देशन में निकाली गई। पुलिस के अफसर समेत श्री अवधेश कुमार T-I पुलिस द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए रैली का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे किया गया। रैली जिलाधिकारी आवास, कचहरी, डायमंड सिनेमा चौक होते हुए गांधी समाधि पर समाप्त हुई।

## मतदाता जागरूकता अभियान (दिनांक 8 नवम्बर 2023)



दिनांक 8 नवम्बर 2023 को रामपुर प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर–रेंजर्स एवं एन.सी.सी. के कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता गीत, लघु नाटिका, वोटर क्विज, मतदाता स्लोगन, बाल नाट्य मंचन आदि गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर–रेंजर्स के छात्र–छात्राओं ने घर–घर जाकर अभियान को धार दी। मतदाता सूची की पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 'नॉक दी डोर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० नरेश कुमार, डॉ० ब्रह्म सिंह, डॉ० गजेन्द्र सिंह, डॉ० राजेश कुमार एवं डॉ० ईरम नईम शामिल रहीं।

## डीजी शक्ति योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन का वितरण (दिनांक 17 नवम्बर 2023)




उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों को फ्री टेबलेट और स्मार्ट फोन वितरित कराने हेतु उ०प्र० के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा डीजी शक्ति पोर्टल योजना 2023 को आरम्भ किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से विद्याथियों को टेबलेट व स्मार्ट फोन वितरित किये गये। इस योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय के सत्र 2022–23 में स्नातक तृतीय वर्ष उत्तीर्ण छात्र/ छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत बी० ए० अन्तिम वर्ष के 690 छात्र और छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए।








## आई.क्यू. ए.सी. के तत्वावधान में वेबिनार आयोजित (दिनांक 23 नवम्बर 2023)




"Protection of IPR in Research Ethics"



**Overview :** The webinar on "Protection of IPR in Research Ethics" drew nearly 100 participants from diverse institutes across India. The virtual gathering served as a platform for in-depth discussions and insights into the critical intersection of intellectual property rights and research ethics.

**Welcome Address:** The event commenced with a warm welcome Dr. Deepa Agarwal Principal, Government Raza PG College Rampur, underscoring the importance of the webinar's theme in the context of academic and research pursuits.

**Key Highlights:** Dr. Bajpai provided a comprehensive overview of the intricate relationship between intellectual property rights and research ethics. - Participants actively engaged in the Q&A session, reflecting the keen interest and relevance of the topic. - The virtual setting facilitated participation from various educational institutions, fostering a diverse exchange of ideas.


Report complied by : Dr. Baby Tabassum, Organizing Secretary , Webinar

## समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर ने शिक्षण संस्थानों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनो संस्थानों के बीच शिक्षण तथा अधिगमन में नये प्रयोग करने, एक दूसरे के फैकेल्टी तथा छात्रों को आधिकारिक विजिट पर बुलाने, शोध, प्रोजेक्ट कार्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने तथा नैक मूल्यांकन हेतु परस्पर विशेषज्ञता का आदान–प्रदान करने के लिये निम्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन किया है –


1. दमयन्ती बाई राजकीय महाविद्यालय, बिसौली, बदायूँ, 7 अगस्त 2023 को समझौता ज्ञापन।
2. Retail Asso. Skill Council of India, Mumbai 19 अगस्त 2023 को समझौता ज्ञापन।

## संविधान दिवस (26 नवम्बर 2023)



### आनलाइन संगोष्ठी विषय –भारतीय संविधान एवं महिला सशक्तिकरण

शासन के पत्रांक संख्या:1407/छ:–पृ.15/2023 दिनांक 11/10/2023 के अनुपालन में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–4 जिसके अंतर्गत दिनांक 26 नवम्बर 2023 को प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल के संरक्षण में **''भारतीय संविधान एवं महिला सशक्तिकरण''** विषय पर आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ० मोहम्मद नासिर ने भारतीय संविधान में महिलाओं को सशक्त करने के लिए किए गए प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न संवैधानिक तथा कानूनी प्रावधानो का विश्लेषण किया तथा सभी को अपने– अपने स्तर से महिलाओं को सशक्त बनने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रेशमा परवीन ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर डॉ० दीक्षा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



## एन.सी.सी. दिवस समोराह (26 नवम्बर 2023)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उत्तर प्रदेश की NCC इकाई द्वारा 26 नवम्बर 2023 को NCC दिवस समारोह आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ० माधुरी रस्तोगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात NCC परेड तथा कु. मुस्कान द्वारा स्वागत गीत एवं आरती, कमल और सुनैना द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुति की गई।





सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात समारोह को सम्बोधित करते हुए समारोह की अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि माधुरी रस्तोगी, पूर्व प्राचार्य, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने सभी को NCC दिवस की बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि NCC में कर्तव्य को प्राथमिकता दी जाती है। यह कर्तव्य केवल युद्धकाल में ही नहीं, बल्कि शान्तिकाल में भी महत्वपूर्ण होता है। NCC कैडेट्स को अपनी क्षमता की पहचान करते हुए कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ सहित NCC के 105 कैडेट्स उपस्थिति रहें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के NCC अधिकारी कैप्टन (डॉ०) प्रवेश कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो० (डॉ०) सीमा तेवतिया ने किया।

## एन.सी.सी. द्वारा रक्तदान दिवस पर रैली का आयोजन (01 दिसम्बर 2023)








राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के एन.सी.सी. कैडेटस् द्वारा रक्तदान दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन में रक्त की आवश्यकता और महत्व को साझा करने के लिये हर साल 01 दिसम्बर को भारत में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये सभी राज्यों में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम, शिविर और पूरक प्रचार गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई द्वारा रैली निकाल कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर एन.सी.सी. प्रभारी कैप्टन (डॉ०) प्रवेश कुमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## हिन्दी परिषद् के अन्तर्गत भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता (9 दिसम्बर 2023)






शिक्षणेतर गतिविधियां छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व-विकास के लिए अनिवार्य:डॉ दीपा

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में हिन्दी परिषद के तत्वावधान में भाषण एवं कविता–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। **'साहित्य एवं समाज का अन्तर्सम्बन्ध'** विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में याचना रानी ने प्रथम, नीतू ने द्वितीय, अनीता ने तृतीय तथा कहकशां ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कविता– पाठ में मनीष यादव ने प्रथम, अनुराग ने द्वितीय, कु. अनस ने तृतीय तथा कु. स्वाति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं में डॉ० अब्दुल लतीफ एवं डॉ० प्रशान्त द्विवेदी ने निर्णायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने कहा कि शिक्षणेतर गतिविधियां छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व–विकास के लिए अनिवार्य हैं, अतः इनमें विद्यार्थियों की भागीदारी अधिक–से–अधिक होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ० राजेश कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित विभाग प्रभारी डॉ० अरुण कुमार ने किया।

## रसायन विज्ञान विभाग द्वारा सिमपोज़िअम का आयोजन (दिनांक 6 दिसम्बर 2023)










### کیمیکل کانفرنس میں زندگی کے لئے کیمیکلز کی اہمیت پر سیمینار



رام پور 7 دسمبر، سماج نیوز سروس: گورنمنٹ رضا پوسٹ گریجویٹ کالج رام پور میں محکمہ کیمسٹری اور ایجوکیشن اینڈ ویلفیئر کمیٹی کے اشتراک سے زندگی کے لئے کیمیکلز کی اہمیت کے موضوع پر ایک سیمینار کا انعقاد کر کے ایک نیا سنگ میل طے کیا گیا ہے۔ کالج کے پروفیسرز اور سائنس کے طلباء کی پرجوش شرکت نے اسے کامیاب بنایا۔ سیمینار میں مختلف تعلیمی سطحوں سے تعلق رکھنے والے طلباء نے پی پی ٹی پریزنٹیشن کے ذریعے اپنی پریزنٹیشن دی۔ اس میں کل 32 شرکاء شریک تھے جن میں 100 کے قریب طلباء نے شرکت کی۔ پرنسپل پروفیسر دیپا اگروال نے سب کا خیر مقدم کرتے ہوئے زندگی میں کیمسٹری کی اہمیت پر روشنی ڈالی۔ شعبہ کیمسٹری کے ہیڈ ڈاکٹر ایس ایس یادو اور شعبہ زولوجی چیف پروفیسر جاگرتی مدن نے طلباء کے لئے اپنی نیک تمنائیں بھی پیش کیں اور تعلیمی شعبے میں مختلف این جی اوز اور صنعتی اکائیوں کی شرکت پر زور دیا۔ اس سیمینار میں سیما تیب تیا، ڈاکٹر کیش میاں اور ڈاکٹر گجیندر سنگھ نے حکم کے فرائض انجام دیئے۔ اندر پال سنگھ منیجر ریڈیکو کھیتان گروپ آف انڈسٹری نے طلباء کو انٹرن شپ اور تعلیمی دورے میں مدد کرنے کا یقین دلایا۔ سمپوزیم کے آرگنائزنگ سکریٹری ڈاکٹر کامل حسین کی قابل ستائش کاوشوں نے تقریب کو کامیاب بنایا۔ اس کے ساتھ کیئر آرگنائزیشن کے منیجر فیصل شاہ خان ایڈووکیٹ نے سبھی کا شکریہ ادا کیا۔ اس کانفرنس کے انعقاد میں کلیدی کردار ڈاکٹر بے بی تبسم نے ادا کیا۔

### रज़ा पी.जी. कॉलेज में रेडिको खैतान लिमिटेड के संरक्षण में हुआ रासायनिक सम्मेलन



अ.हि.ब्यूरो,रामपुर। आज 06 दिसम्बर 2023 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ‹जीवन के लिए रसायनों का महत्त्व› विषय पर हुई संगोष्ठी रासायनिक विभाग तथा शिक्षा और कल्याण समिति के सहयोग से आयोजित हुई। महाविद्यालय के प्रोफेसर्स तथा विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागेदारी ने इसे सफल बनाया। संगोष्ठी में विभिन्न शैक्षणिक स्तरों के छात्रों ने अपने प्रस्तुतियाँ दीं पीपीटी प्रेज़ेंटेशन के द्वारा दीं ।इसमें कुल 32 प्रतिभागी शामिल थे, जिनमें लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य, प्रो. दीपा अग्रवाल, ने सभी का स्वागत करते हुए रसायन विज्ञान की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला।रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. एस.एस. यादव, तथा जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. जागृति मदान ने भी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं और शैक्षणिक क्षेत्र में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों वा औद्योगिक इकाइयों की भागेदारी पर ज़ोर दिया। आईक्यूएसी इनचार्ज, प्रो. सीमा तेबतिया, डॉ. कैश मियां और डॉ. गजेन्द्र सिंह ने इस संगोष्ठी में निर्णायक की भूमिका में रहे। इंद्रपाल सिंह प्रबंधक रेडिको खैतान ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री ने इंटर्नशिप तथा शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों की मदद के लिए आश्वासन दिया।

संगोष्ठी के आयोजन सचिव, डॉ. कामिल हुसैन के सराहनीय प्रयासों ने इस आयोजन को सफल बनाया। इसके साथ ही केयर संस्था के मैनेजर/सचिव, फैसल शाह खान एडवोकेट ने भी सभी का धन्यवाद प्रेषण किया।इस सम्मेलन का सफल संचालन डॉक्टर बेबी तबस्सुम द्वारा किया गया।

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में 6 दिसम्बर 2023 को **'जीवन के लिये रसायनों का महत्व'** विषय पर रसायन विभाग विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी रसायन विभाग एवं शिक्षा और कल्याण समिति के सहयोग से आयोजित हुई। महाविद्यालय के प्रोफेसर और विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे सफल बनाया। संगोष्ठी में विभिन्न शैक्षणिक स्तर के छात्रों ने अपने प्रस्तुति पीपीटी प्रेजेटेंशन के द्वारा दी। इसमें कुल 32 प्रतिभागी शामिल थे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुये रसायन विज्ञान की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला। रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ० एस.एस. यादव, जन्तु विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ० जागृति मदान ने छात्रों को अपनी शुभकामनायें दी। आयोजन सचिव डॉ० कामिल हुसैन एवं केयर संस्था के मैनेजर/सचिव फैसल शाह खान के सराहानीय प्रयास ने इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० बेबी तबस्सुम द्वारा किया गया।

## पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन (24 दिसम्बर 2023)



















### रजा डिग्री कालेज में हुआ पत्रिका ज्ञान ज्योति एवं न्यूज बुलेटिन का विमोचन



[illegible]

### گورنمنٹ رضا پوسٹ گریجویٹ کالج میگزین اور نیوز بلیٹن کی رسم اجرا



[illegible]

दिनांक 24 दिसम्बर 2023 को रजेरियन एलुमनी एसोसिएशन के तत्वाधान में महाविद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। पुरातन छात्र–छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो० (डा.) दीपा अग्रवाल ने कहा कि वह पुरातन छात्र–छात्राओं की स्किल नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सेतु का कार्य करना चाहती हैं। इससे पहले कालेज की पत्रिका ज्ञान ज्योति और न्यूज बुलेटिन का अतिथियों ने विमोचन किया। कालेज सभागार में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पुरातन छात्र–छात्राओं ने अपने संस्मरण सुनाए। कालेज प्राचार्य प्रो० (डा.) दीपा अग्रवाल की इन पंक्तियों को सुनकर पुरातन छात्र–छात्राएं भूली बिछड़ी यादों में खो गए–आज कुछ बहुत याद आ रहा होगा–वह कालेज में आने का पहला–पहला दिन, वह मां का और दादी का कहना–बेटा ध्यान से जाना, बेटा ध्यान से पढ़ना। महाविद्यालय की पुरातन छात्रा एवं पूर्व प्राचार्य डा. माधुरी रस्तोगी ने अपने महाविद्यालय की स्मृतियों को साझा करते हुए रजा कॉलेज के कुलगीत को गुनगुना कर माहौल को भावुक कर दिया। इसी क्रम में एमआईएमटी के निदेशक और पुरातन छात्र डा. शादाब खान ने अपनी स्मृतियों से रूबरू कराया और महाविद्यालय से जुड़ी यादों को साझा किया। भोजपुर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पुरातन छात्र डा. मोहम्मद असलम खां ने अपने भावुक संबोधन में रजा कॉलेज के मूल्यों एवं स्थापित प्रतिमानों से रूबरू कराया। संघ के अध्यक्ष डा. एजाज अली ने इस मौके पर रजा कॉलेज की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुई भव्य एवं अविस्मरणीय पुरातन छात्र सम्मेलन की सुनहरी यादों को साझा किया। इस अवसर पर पुरातन छात्र इरफान जैदी, प्रदीप कुमार अग्रवाल (शंकर प्रेस), डा. निदा, डा. रोबीना, श्री यासीन सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. बेबी तबस्सुम एवं प्रो०सै० अरशद रिज़वी ने किया।

| संरक्षक<br>प्रो० (डॉ०) दीपा अग्रवाल<br>प्राचार्य | प्रधान सम्पादक<br>डॉ० अब्दुल लतीफ़ | सम्पादक मण्डल<br>डॉ० सीमा तेवातिया, डॉ० प्रशान्त द्विवेदी,<br>डॉ० ज़ैबी नाज़, डॉ० राजकुमार, डॉ० साक्षी त्यागी,<br>डॉ० शाहिदा परवीन, डॉ० शकील अहमद |
|---|---|---|